Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 28 अक्तूबर, 2023

इंडिया मोबाइल कॉन्ग्रेस (IMC 7वाँ संस्करण) 2023 और 100 5G लैब पहल

भारत के प्रधान मंत्री ने नई दिल्ली में इंडिया मोबाइल कॉन्ग्रेस, 2023 के 7वें संस्करण का उद्घाटन किया।

- इंडिया मोबाइल कॉन्ग्रेस (India Mobile Congress- IMC) 27 से 29 अक्तूबर 2023 तक आयोजित होने वाला एशिया का सबसे बड़ा दूरसंचार, मीडिया और प्रौद्योगिकी मंच है।
- IMC की थीम: 'ग्लोबल डिजिटिल इनोवेशन'।
- IMC 2023 का लक्ष्य प्रमुख अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के डेवलपर, निर्माता और निर्यातक के रूप में भारत की स्थिति को मज़बूत करना है।
- प्रधानमंत्री ने देश भर के शैक्षणिक संस्थानों को 100 '5G यूज़ केस लैब्स' से सम्मानित किया।
- '100 5G लैब पहल', 5G अनुप्रयोगों के विकास को प्रोत्साहित करके 5G तकनीक से जुड़े अवसरों को साकार करने का एक प्रयास है।
- 5G का रोलआउट पूरा हो चुका है, मार्च 2024 तक देश भर में इसके कवरेज को बढ़ाने की योजना है।

और पढ़ें: इंडिया मोबाइल कॉन्ग्रेस, 2023

डार्क पैटर्न बस्टर हैकथॉन- 2023

भारत सरकार के **उपभोक्ता मामले विभाग** ने **IIT (BHU)** के सहयोग से **डार्क पैटर्न बस्टर हैकथॉन- 2023** लॉन्च किया।

- **हैकथॉन** का उद्देश्य नवीन **ऐप्स** या **ब्राउज़र एक्सटेंशन, प्लग-इन्स, ऐड-ऑन, मोबाइल ऐप्लीकेशन जैसे सॉफ्टवेयर** आधारित समाधानों को **डिज़ाइन और प्रोटोटाइप करना** है।
- यह **ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के लिये डार्क पैटर्न** के **प्रयोग, प्रकार** और **स्तर** का पता लगा सकता है।
- **विजेताओं** को **उपलब्धि प्रमाणपत्र** से पुरस्कृत किया जाएगा।
- इस पहल का उद्देश्य **उपभोक्ताओं को** सभी प्रकार की **अनुचित व्यापार प्रथाओं से सुरक्षा प्रदान करना** है।

और पढ़ें: डार्क पैटर्न

विश्व पोलियो दिवस

- बच्चों की सुरक्षा के लिये **पोलियो टीकाकरण** के **महत्त्व** के बारे में **जागरूकता** प्रदान करने के लिये प्रत्येक वर्ष **24 अक्तूबर** को **विश्व पोलियो दिवस** मनाया जाता है।
  - **पोलियो** एक बहुत ही **घातक रोग** है जो प्राचीन काल से चला आ रहा है, यह **जीवन के लिये खतरा** और **अक्षमता उत्पन्न करने वाली बीमारी** है जो एक **व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति** में फैल सकती है तथा **पक्षाघात** का कारण बन सकती है या **हाथ** या **पैर** में दुर्बलता उत्पन्न कर सकती है।
  - पोलियो वायरस एक संक्रमित व्यक्ति के **गले और आंतों** में रह सकता है और अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों में **भोजन एवं जल** से अनुबंधित हो सकता है।
  - यह संक्रमित व्यक्ति के स्नूज़ या मल के माध्यम से फैल सकता है।
  - **ओरल पोलियो वैक्सीन (OPV):**
    - यह **तंत्रिका तंत्र** में **पोलियो वायरस** के प्रसार को रोककर व्यक्ति को **पोलियो पक्षाघात** से बचाने के लिये **रक्त** में **एंटीबॉडी** का उत्पादन करता है।
  - **निष्क्रिय पोलियो वैक्सीन (IPV):**
    - यह एक इंजेक्टेबल तीन खुराक वाला टीका है और इसे अकेले या अन्य टीकों (जैसे, **डिप्थीरिया (diphtheria), टेटनस (tetanus), पर्टुसिस (pertussis), हेपेटाइटिस बी (hepatitis B) तथा हीमोफिलस इन्फ्लुएंज़ा (haemophilus influenzae)** के साथ दिया जा सकता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-28-october,-2023